रविवार, 02 जुलाई 2017, पटना, आषाढ़ शुक्ल पक्ष नवमी,

रविवासरीय

हिन्दुस्तान

www.livehindustan.com तरक्की को चाहिए नया नजरिया

तकनीक आधारित कर है जीएसटी

पटना | हिन्दुस्तान टीम

केंद्रीय जीएसटी रांची प्रक्षेत्र के मुख्य आयुक्त शिवनारायण सिंह ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित कर है। इसका बैकबोन जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) है, जिसे तकनीकी विशेषज्ञों ने कड़ी मेहनत से तैयार किया है। जीएसटी की सफलता के बाद यह विश्व की आधुनिकतम मॉडल तकनीक आधारित टैक्स के रूप में जाना जाएगा।

श्री सिंह शनिवार को केंद्रीय उत्पाद कर मुख्यालय में केंद्रीय उत्पाद एवं सेवा कर विभाग की ओर से आयोजित

आयोजन

- केंद्रीय उत्पाद विभाग में जीएसटी दिवस समारोह आयोजित
- अधिकारियों की भूमिका सेवा प्रदाता की हो गयी

'जीएसटी दिवस' समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बिहार, झारखंड व उत्तर प्रदेश में जीएसटी को लेकर होने वाली किसी भी समस्या का समाधान मिलजुल कर तत्काल किया जाएगा। जीएसटी लागू होने के बाद केंद्रीय उत्पाद एवं सेवा कर के सभी कार्यालय सुविधा केंद्र के रूप में परिवर्तित हो गए हैं। अधिकारियों की भूमिका सेवा प्रदाता की हो गयी है। बिहार-झारखंड के आयकर विभाग के प्रधान मुख्य आयुक्त केसी घूमरे ने कहा कि जीएसटी लागू होना भारत के आर्थिक विकास के नए युग का आरंभ है। इससे देश की आय बढ़ेगी। वहीं जीएसटी आयुक्त रंजीत कुमार ने कहा कि जिन व्यवसायियों को जीएसटी निबंधन के औपबंधिक नंबर दिए गए हैं वे उसे स्थायी नंबर में परिवर्तित करा सकते हैं। समारोह में कस्टम आयुक्त वीसी गुप्ता, वाणिज्य कर विभाग के उप आयुक्त मार्कण्डेय ओझा, बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पीके अग्रवाल, रामलाल खेतान भी थे।

शनिवार को आयकर भवन में जीएसटी दिवस का उद्घाटन करते अतिथि। • हिन्दुस्तान